# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 04.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

## मुख्य समाचार :–

1. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कानपुर में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में कर रहे हैं रोड–शो : श्री मोदी कल इटावा और सीतापुर में जनसभा और अयोध्या में करेंगे रोड–शो।
2. लोकसभा चुनाव के लिये प्रचार अभियान हुआ तेज : भाजपा नेता व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फर्रूखाबाद, बसपा प्रमुख मायावती ने आगरा और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बदायूं में जनसभा को किया सम्बोधित।
3. पांचवें चरण के लिये दो सौ छियान्नबे प्रत्याशियों ने दाखिल किए पर्चे : नाम वापसी की अंतिम तिथि छह मई, छठे चरण के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी।

और

4. चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये कल पांच सौ सत्तावन शहरों में आयोजित की जायेगी नीट परीक्षा।

---

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं और रोड–शो कर रहे हैं। इसी क्रम में आज भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कानपुर में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में रोड–शो कर रहे हैं। इस दौरान सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में एकत्र हुए लोग प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत कर रहे हैं। श्री मोदी ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। इस रोड–शो में भाजपा नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कानपुर नगर और अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के पार्टी उम्मीदवार तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल हैं।

वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलश यादव ने बदायूं मे सहसवान विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि अगर भाजपा जीतेगी तो संविधान बदल देगी, यह चुनाव संविधान को बचाने के लिये है। श्री यादव ने कहा कि बदायूं में सपा रिकार्ड मतों से जीत हासिल करेगी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फर्रुखाबाद और कन्नौज में भाजपा प्रत्याशियों के समथन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 के बाद का भारत एक नया भारत है, आज

पूरी दुनिया भारत को सम्मान के साथ देख रही है। देश की सीमाएं सुरक्षित हुई है और आतंकवाद समाप्त हुआ है।

बसपा प्रमुख मायावती ने आगरा लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही और फतेहपुर सीकरी से रामनिवास शर्मा के समर्थन में आगरा के कोठी मीना बाजार मैदान में जनसभा को सम्बोधित कर जनता से वोट देने को अपील की। मायावती ने कहा कि भाजपा की गलत आर्थिक नीतियों से देश की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है। बसपा नेता ने सरकार द्वारा बांटे जा रहे मुफ्त अनाज पर वोट मांगने के लिए भाजपा की आलोचना की। उन्होंने कहा कि जो मुफ्त राशन बांटा जा रहा है वह भाजपा की जेब से नहीं आया है। यह जनता के टैक्स से आया है।

भाजपा नेता और उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भदोही में जनसभा को सम्बोधित करते हुए विपक्षी पार्टियों पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा को छोड़कर सभी दल परिवारवाद से ग्रसित हैं।

श्री पाठक ने कहा कि एनडीए की सरकार में आज दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आंवला लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत दातागंज विधानसभा क्षेत्र के कटरा सहादतगंज में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा उम्मीदवार धर्मेन्द्र कश्यप को जिताने की अपील की।

————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल इटावा, कन्नौज और मैनपुरी में भाजपा प्रत्याशियों के लिये जन–समर्थन जुटाने के लिए इटावा के भरथना में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके बाद वे दापहर ढाई बजे सीतापुर के हरगांव में धौरहरा से भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा, सीतापुर से राजेश वर्मा और खीरी संसदीय सीट से अजय मिश्र टेनी के लिये प्रचार करेंगे। प्रधानमंत्री का कल शाम अयोध्या में रोड–शो का भी कार्यक्रम है।

——————

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, यहां 13 मई को चुनाव होना है। इसमें समाजवादी पार्टी के प्रभाव वाली कन्नौज की महत्वपूर्ण सीट भी शामिल है। इस सीट से तीन बार सांसद रह चुके सपा प्रमुख अखिलेश यादव एक बार फिर चुनावी मैदान में हैं वहीं भाजपा ने वर्तमान सांसद सुब्रत पाठक को दोबारा अपना प्रत्याशी बनाया है।बहुजन समाज पार्टी ने इमरान बिन जफर को मैदान में उतारा है। इनके अलावा 12 अन्य उम्मीदवार भी चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट...

इत्र नगरी के रूप में पहचान रखने वाले कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभाएं आती हैं। इस सीट पर सपा ने 1989 से 2014 के बीच लगातार नौ चुनावों में जीत हासिल की है। समाजवादी पार्टी का गढ़ मानी जाने वाली यह सीट 2019 के चुनाव में भाजपा के सुब्रत पाठक ने डिंपल यादव को हराकर जीती थी। इस सीट को वापस जीतने के लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव चुनाव मैदान में उतरे हैं। अखिलेश यादव इस सीट पर लगातार तीन बार 2000,

2004 और 2009 में जीत चुके हैं। 2014 में सपा प्रमुख की पत्नी डिंपल यादव यहां से सांसद बनी थीं लेकिन 2019 के चुनाव में भाजपा के सुब्रत पाठक ने मुलायम परिवार की बहू डिंपल यादव को 12 हजार 353 मतों से हराकर समाजवादी पार्टी के गढ़ को ढहाने का काम किया था। इस बार भी भाजपा ने सांसद सुब्रत पाठक को दोबारा चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं बहुजन समाज पार्टी से इमरान बिन जफर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की काशिश कर रहे हैं। सभी दल अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने में जुट गए हैं। रवि कुमार द्विवेदी आकाशवाणी समाचार कन्नौज।

————————

**लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की चौदह संसदीय सीटों के लिये विभिन्न राजनीतिक दलों के दो सौ छियान्नबे प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। नामांकन के अंतिम दिन कल 113 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। आज नामांकन पत्रों की जांच की गई। 6 मई नाम वापसी की अंतिम तिथि है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लखनऊ लोकसभा सीट से सबसे अधिक 41 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है, वहीं रायबरेली से 24, अमेठी से 31, जालौन सुरक्षित सीट से 11, झांसी से 21, हमीरपुर से 13, बांदा से 24, फतेहपुर से 24, कौशाम्बी सुरक्षित सीट से 19, बाराबंकी सुरक्षित सीट से 18, फैजाबाद से 23, कैसरगंज से 12, गोण्डा से 13 और मोहनलालगंज सुरक्षित सीट से 22 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इस चरण में प्रमुख प्रत्याशियों में लखनऊ से भाजपा नेता और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, मोहनलालगंज से केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर सिंह,**

कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, भाजपा नेता और केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की किस्मत दांव पर होगी। पांचवें चरण की चौदह संसदीय सीटों पर 20 मई को मतदान होगा।

---

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी है। भदोही लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन के घटक तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी ललितेश त्रिपाठी संतकबीर नगर से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद और सुल्तानपुर में सपा प्रत्याशी राम भुवाल निषाद ने आज नामांकन किया। बलरामपुर जनपद की गैंसड़ी विधानसभा के लिये अब तक तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। सुल्तानपुर लोकसभा सीट के लिये बहुजन समाज पार्टी के उदयराज वर्मा और प्रतापगढ़ से भाजपा के संगम लाल गुप्ता ने कल नामांकन दाखिल किया था। वहीं आजमगढ़ से बसपा के मसूद अहमद और जौनपुर संसदीय सीट से सपा से बाबूसिंह ने अपना पर्चा दाखिल किया।

नामांकन सुबह 11 बजे से 3 बजे के बीच किये जा सकेंगे। छठे चरण में 14 संसदीय सीटों सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही और मछलीशहर में 25 मई को मतदान होगा। छठे चरण के लिये नामांकन दाखिल करने की अंतिम

तिथि 6 मई है। 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जायेंगी। प्रत्याशी 9 मई तक नाम वापस ले सकेंगे।

——————

लोकसभा चुनाव में शाहजहांपुर से समाजवादी पार्टी द्वारा सिंबल न दिये जाने और पार्टी द्वारा नामांकन निरस्त किए जाने से नाराज होकर सपा नेता राजेश कश्यप, भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रदेश सरकार में मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए। श्री कश्यप ने शाहजहांपुर से भाजपा प्रत्याशी अरुण कुमार सागर और ददरौल विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी अरविंद सिंह का समर्थन करने को घोषणा की है। वहीं आज लखनऊ में विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। यूपी कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी की पूर्व विधायक मीता गौतम ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है।

——————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कल आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह परीक्षा देश भर के पांच सौ 57 शहरों और देश से बाहर 14 शहरों के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। इस परीक्षा में 24 लाख से अधिक परीक्षार्थी भाग

लेंगे। परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजकर बीस मिनट तक चलेगी।

एनटीए ने परीक्षार्थियों से कहा है कि वे अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड करके साथ लेकर आएं। प्रवेश पत्र में परीक्षार्थी का फोटो, हस्ताक्षर और रोल नंबर बारकोड होना अनिवार्य है।

———————

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क यात्रियों के लिए असुरक्षित माने जाने वाले दो लेन के राष्ट्रीय राजमार्गों को समाप्त करने का फैसला किया है। मंत्रालय भविष्य में चार लेन, छह लेन अथवा एक्सेस कंट्रोल राष्टोय राजमार्गों का निर्माण करेगी, इससे सड़क हादसों में कमी आयेगी।

———————

केन्द्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगा प्रतिबंध हटा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना में कहा कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

पिछले महीने केन्द्र सरकार ने छह देशों–बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99 हजार मिट्रिक टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी थी। पिछले वर्ष दिसम्बर में रबी और खरीफ की फसलों में अनुमानित कमी के कारण प्याज की घरेलू उपलब्धता

सुनिश्चित कराने के लिए प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

——————————